अनुसंधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की तैयारी

रांची : भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची ने अपनी रणनीतिक योजना 'आइआइएम रांची @ 2030' में प्रभावशाली अनुसंधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की घोषणा की है। संस्थान ने भारतीय व्यापार प्रणाली पर शोध करने का विचार तैयार किया है। जनजातीय उद्यमों पर विशेष ध्यान देने के साथ जनजातीय अर्थव्यवस्था एक संपादित पुस्तक प्रारूप के तौर पर सामने आएगी। देश में व्यापार प्रणाली उतनी ही पुरानी है जितनी इसकी सभ्यता। भारत का एक प्राचीन सिंहावलोकन कृषि और व्यापार को प्रमुख व्यवसायों के रूप में दर्शाता है। ये व्यवसाय अत्यधिक संरचित और व्यवस्थित तरीके से चलाए जाते थे।

Dainik Jagran, 20.07.2023, Pg. 07